अल्बर्टा के लोगों को साइबर अपराधियों से सुरक्षित रखना

14 अप्रैल, 2026

नई साइबर अपराध टास्क फोर्स अल्बर्टा वासियों को निशाना बनाने वाली जबरन वसूली (Extortion) और डिजिटल धोखाधड़ी की बढ़ती समस्या का समाधान करेगी।

साइबर अपराधी पूरे अल्बर्टा में परिवारों, बुज़ुर्गों और व्यवसायों को आर्थिक शोषण के लिए निशाना बनाकर एक गंभीर और निरंतर सार्वजनिक जोखिम पैदा करते हैं। इन जोखिमों से सीधे निपटने के लिए, टास्क फोर्स साइबर अपराध से संबंधित सिफारिशें प्रस्तुत करेगी, जिसमें धोखाधड़ी, पहचान की चोरी और तकनीक के माध्यम से की जाने वाली जबरन वसूली शामिल है। ऐसी धोखाधड़ी की योजनाएँ अक्सर अंतरराष्ट्रीय सीमाओं के पार संचालित होती हैं, जिससे पुलिस विभागों के लिए इन घोटालों के स्रोत की पहचान करना और उन्हें ढूँढना और अधिक कठिन हो जाता है।

“हमने अपने प्रांत में जबरन वसूली के बहुत से उदाहरण देखे हैं। यह अस्वीकार्य है और यही कारण है कि अल्बर्टा इन ठगों को हमारे समुदायों में परिवारों से वसूली करने से रोकने के लिए एक समन्वित प्रांतीय रणनीति विकसित करने के लिए कार्रवाई कर रहा है।”
मिक्की एमरी, न्याय मंत्री

“Artificial Intelligence /कृत्रिम बुद्धिमत्ता के बढ़ते उपयोग के साथ, मैं इस टास्क फोर्स में सेवा करने का अवसर पाकर आभारी हूं, जहां हम मिलकर साइबर धोखाधड़ी, पहचान की चोरी और जबरन वसूली के जोखिमों को कम करने के लिए काम करेंगे, ताकि अल्बर्टा के लोगों को लाभ मिल सके।”
जेसन स्टीफन, विधायक रेड डियर-साउथ और साइबर अपराध टास्क फोर्स के अध्यक्ष

यह अंतर--मंत्रालयीय टास्क फोर्स कानून, प्रौद्योगिकी, उपभोक्ता संरक्षण और कानून प्रवर्तन के विशेषज्ञों से मिलकर बनेगी। इसमें न्याय, सार्वजनिक सुरक्षा और आपातकालीन सेवाएं, सर्विस अल्बर्टा और रेड टेप रिडक्शन, प्रौद्योगिकी और नवाचार तथा अंतर-सरकारी और अंतरराष्ट्रीय संबंध मंत्रालयों के प्रतिनिधि भी शामिल होंगे। सदस्यों की विस्तृत सूची की साइबर अपराध टास्क फोर्स वेबपेज पर उपलब्ध है। alberta.ca Cybercrime Task Force Webpage.

टास्क फोर्स उन तरीकों की भी जांच करेगी जिनके माध्यम से जनता को उन ठगों से सुरक्षित रखा जा सके जो नकली पहचान का उपयोग करते हैं, धमकी देते हैं, या धोखे से व्यक्तिगत जानकारी प्राप्त करते हैं, अथवा झूठे बहानों के आधार पर पीड़ितों पर भुगतान करने का दबाव डालते हैं। ये सिफारिशें कानूनी और नियामक विकल्पों के साथ-साथ संघीय सरकार के समक्ष पैरवी पर केंद्रित होंगी, ताकि उपभोक्ता संरक्षण और सार्वजनिक सुरक्षा को सुदृढ़ किया जा सके।

मुख्य तथ्य

यदि आपको लगता है कि कोई ठग आपको निशाना बना रहा है:

- अपने वित्तीय संस्थान और क्रेडिट ब्यूरो से संपर्क करें।
- इस धोखाधड़ी की रिपोर्ट अपने स्थानीय अधिकारियों या कैनेडियन एंटी-फ्रॉड सेंटर को करें। Canadian Anti-Fraud Centre.

संबंधित जानकारी

- Cybersecurity in Alberta
- Common text scams
- Canadian Anti-Fraud Centre